Regarding water contamination causing cancer in Kishanganj

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) : सभापति महोदय, किशनगंज, बिहार सीमांचल का हिस्सा है । वर्ष 2019-20 में सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड ने पानी का जायजा लिया और देखा कि वहां का पानी बहुत ही पोल्यूटेड है, पानी में यूरेनियम है, फ्लोराइड है, लेड है, जो स्वास्थ्य के लिए हेल्दी नहीं है । पिछले पांच सालों में हमने देखा है । लगभग दो हजार लोग हमारे यहां आएं, जो कैंसर पीड़ित थे, जिनकी लीवर और किडनी खराब थी, कई हजार लोग आ ही नहीं पाएं होंगे ।

मेरी सरकार से गुजारिश है कि इसका संज्ञान लेते हुए क्लीन वॉटर प्रोवाइड कराएं । प्रधानमंत्री जी का चार साल पहले का वायदा है कि हर जिले में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज खोलेंगे । उसके अलावा, अर्ली डिटेक्शन के लिए स्पेशलाइज्ड ऑनकोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के यूनिट्स हों । बिहार की आबादी 13 करोड़ है, ज्यादातर लोग वहां गरीब हैं, 1/3 इंडिया की पर कैपिटा इनकम है । इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं । वहां पर किशनगंज में 200 एकड़ का एक जमीन है, उसे हमने प्रोवाइड कराने का वायदा किया है ताकि वहां एम्स खुले । आज बहुत अफसोस की बात है कि एलओपी सम्भल जा रहे थे और उनको रोका गया । वे मोहब्बत के लिए गए थे ।

माननीय सभापति **:** यह कोई विषय नहीं है । हाऊस चल रहा है, एलओपी बाहर क्या कर रहे हैं? एलओपी को हाऊस में रहना चाहिए । एलओपी हाऊस में नहीं हैं ।

डॉ**.** मोहम्मद जावेद **:** सभापति महोदय, वह जायजा लेने गए थे, भाईचारा बहाल करने गए थे ।

माननीय सभापति : श्री राजीव राय जी ।

12.42 hrs

At this stage, Dr. Mohammad Jawed, Shrimati Supriya Sule and some other hon. Members left the House.